# पृष्ठभूमि 5

तुरंत जारी करने हेतु — वित्त मंत्रालय
2021FIN0023-000744
20 अप्रैल, 2021

**एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए अब बी सी में निवेश**

लोगों को सुरक्षित रखने से और भाईचारों में निवेश करने से, बी सी एक ऐसी मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति की ओर कदम बढ़ा सकता है जिस में हर कोई शामिल हो।

नियोजित प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और रोज़गार पैदा करने में निवेश करने से, बजट 2021 लोगों, व्यवसायों और समुदायों के लिए दीर्घ-कालीन अवसर प्रदान करने के लिए कार्य करेगा।

**नए प्रशिक्षण और रोज़गार के अवसरों द्वारा लोगों में निवेश**

जब कोविड-19 ने बी सी पर आक्रमण किया, तो बहुत से लोगों और परिवारों को अचानक नौकरियाँ जाते रहने के कारण माली और भावात्मक दबाव के अनुभव से गुज़रना पड़ा। कुछ क्षेत्रों में, रोज़गार महामारी-पूर्व स्तर पर लौट आया है या उस से ऊपर निकल गया है, परन्तु हर कोई एक ही जैसे ढंग से प्रभावित नहीं हुआ। पोस्ट-सेकंडरी शिक्षा और हुनर प्रशिक्षण के अवसरों में निवेश करना बी सी की सेहतयाबी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बजट 2021 के द्वारा अच्छी तनख़्वाह वाली नौकरियाँ हासिल करने के लिए और बी सी की श्रमिक संख्या को मज़बूत करने के लिए लोगों को प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण देने के लिए निवेश किया गया है, जिस में शामिल है:

- $96 मिलियन तीन वर्षों के दौरान नए प्रशिक्षण स्थानों के लिए, ताकि स्वास्थ्य-क्षेत्र का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए एक श्रमिक संख्या का निर्माण किया जा सके, जिस में हेल्थ कैरियर एक्सेस प्रोग्राम में भाग लेने वालों के लिए प्रशिक्षण शामिल है।
- $32 मिलियन की एक ही बार दी जाने वाली माली मदद ताकि स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना के द्वारा आरंभ की गए प्रशिक्षण को जारी रखा जा सके, जिस में शामिल है:
  - $17 मिलियन, ताकि मूलवासी हुनर प्रशिक्षण प्रोग्राम के द्वारा प्रोग्रामों तक पहुँच का दायरा बढ़ाने के लिए सैंकड़ों ही मूलवासी समुदायों और संस्थाओं के साथ भागीदारी की जा सके।
  - $5 मिलियन, ताकि 30 नए माईक्रो- क्रिडेंशियल प्रोगराम शामिल कर के रोज़गार बरकरार रखने या रोज़गार के नए अवसर तलाश करने का प्रयत्न कर रहे लोगों के लिए बी सी में माईक्रो-क्रिडेंशियल प्रशिक्षण के लिए 2020-21 में किए गए निवेशों का दायरा बढ़ाया जा सके।

- $6 मिलियन, ताकि बी सी की पोस्ट-सेकंडरी संस्थाओं में लगभग 3,000 विद्यार्थियों के लिए कार्य-संयुक्त प्रशिक्षण के अवसरों में सहायता दी जा सके, जिस से सब से बुरी तरह प्रभावित हुई आबादी के एक हिस्से को अर्थपूर्ण रोज़गार हासिल करने में मदद मिलेगी।
- $4 मिलियन, ताकि उच्च माँग वाले क्षेत्रों, जैसे कि निर्माण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-संभाल और बाल-संभाल, में बेरोज़गार या निम्न-रोज़गार वाले लोगों के लिए अल्प-कालीन प्रशिक्षण प्रोग्राम जारी रखे जा सकें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र नौकरी हासिल करने के लिए बढ़िया स्थिति में हों।

**बी सी के युवकों के लिए रोज़गार के अवसर**

सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि इस महामारी से बी सी के युवकों के भविष्य की सफलता में विघ्न न पड़े। बजट 2021 और स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना के द्वारा, प्रांतीय सरकार लगभग 5,000 युवकों के लिए रोज़गार और प्रशिक्षण के अवसर उत्पन्न करने के लिए यह कर रही है:

- $15 मिलियन, ताकि इनोवेटर स्किल्ज़ इनीशिएटिव प्रोग्राम का दायरा बढ़ाया जा सके, जिस के द्वारा 3,000 तक उन पोस्ट-सेकंडरी विद्यार्थियों को, जिन्होंने सर्टीफिकेट हासिल कर लिया है या प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, नौकरी पर रखने में मदद देने के लिए व्यवसायों को $10,000 तक की माली मदद प्रदान की जाती है।
- $9 मिलियन, नेचुरल रिसोर्स यूथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत लगभग 160 नौकरियों के लिए।
- $7 मिलियन, ताकि जो निवेश स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना की ओर से बी सी में कैनेडियन टेक टेलेंट एक्सेलरेटर प्रोग्राम का दायरा बढ़ाने में मदद करने के लिए डिजिटल टेक्नालोजी सुपरकलस्टर में किया गया है, उस के द्वारा 1,400 से 2,000 मूलवासी, काले, रंगदार लोगों और निम्न-प्रतिनिधित्व वाले युवकों को एक इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल करने के लिए सहायता दी जा सके।
- $4 मिलियन, ताकि बी सी पार्क्स, कंज़र्वेशन ऑफिसर सर्विसज़ एंड अकुऐटिक इनवेसिव सपीशीज़ प्रोग्राम के द्वारा युवकों के लिए 80 से अधिक रोज़गार के अवसरों में सहायता दी जा सके।
- $5 मिलियन, ताकि समुद्री किनारों से समुद्री मलबा हटाने के लिए लगभग 180 नौकरियाँ पैदा करने के लिए, स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना में आरंभ किये गए कलीन कोस्ट, कलीन वाटरज़ प्रोग्राम को बढ़ाया जा सके।
- $3 मिलियन, रिक्रिएशन साईट्स एंड ट्रेलज़ बी सी यूथ प्रोग्राम के लिए, ताकि सार्वजनिक आउटडोर मनोरंजन स्थानों को फिर से चालू करने में मदद करने के लिए और ग्रामीण और दूरवर्ती समुदायों में रोज़गार मुहैया कराने के लिए 72 नई नौकरियाँ उत्पन्न की जा सकें।

**एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए समुदायों में निवेश**

बी सी के समुदायों ने पिछले वर्ष के दौरान स्थिति के अनुरूप ढल सकने का सामर्थ्य दिखाया है। बजट 2021 में स्थिति अनुरूप ढल सकने के इस सामर्थ्य को यह सुनिश्चित करने के लिए मदद दे कर मज़बूत करने के लिए ऐतिहासिक निवेश किए गए हैं कि वह सेवाएं, जिन पर लोग निर्भर करते हैं, मुहैया कराने के लिए एक सही बुनियादी ढांचा स्थापित हो, और उस के साथ साथ रोज़गार उत्पन्न हो और अस्पतालों, स्कूलों, हाईवे और ट्रांज़िट प्रॉजेक्टों का स्तर बढ़ सके।

बजट 2021 में प्रांतीय सरकार की पूँजी योजना के हिस्से के रुप में तीन वर्षों के दौरान कर-दाता द्वारा सहायता प्राप्त निवेशों के रूप में रिकार्ड स्तर पर $26.4 बिलियन मुहैया कराए गए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और यातायात में निवेशों द्वारा तीन वर्षों के दौरान किया जाने वाला यह रिकार्ड-स्तरीय पूँजीगत ख़र्च बजट 2020 में दी गई तीन-वर्षीय योजना की अपेक्षा $3.5 बिलियन अधिक है। इन पूँजीगत निवेशों से माली योजना के दौरान 85,000 से अधिक नौकरियाँ उत्पन्न होने की उम्मीद है।

यह निवेश उन ऐतिहासिक निवेशों को आगे बढ़ाते हैं जो सरकार पहले ही बेहद ज़रूरी बुनियादी ढांचे में कर चुकी है। दोनों मौजूदा प्रॉजेक्टों पर ध्यान केंद्रित है, ताकि लोग तुरंत काम पर वापस जा सकें, और यातायात, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में नए निवेशों के द्वारा दीर्घ-कालीन पुन:प्राप्ति की नींव मज़बूत बनाई जा सके।

बजट 2021 में नए अवसरों और मौजूदा समुदायक बुनियादी ढांचे में भी इन चीज़ों के द्वारा निवेश किया गया है:

- और ज़्यादा ग्रामीण और दूरवर्ती समुदायों के लिए, जिन में मूलवासी समुदाय भी शामिल हैं, हाई-स्पीड इन्टरनेट और सेलुलर कवरेज मुहैया कराने के लिए, आगामी तीन वर्षों के दौरान $40 मिलियन की नई बुनियादी माली मदद।
- $36 मिलियन की संचालन माली मदद और $47 मिलियन की पूँजीगत माली मदद बी सी पार्क्स के लिए, ताकि ट्रेलों और बैककंटरी बुनियादी ढांचे का दायरा बढ़ाया जा सके और इन में सुधार किया जा सके, हर साल 100 नई संपूर्ण-सेवा कैम्पसाइटों का विस्तार किया जा सके, पार्कों का आकार बढ़ाने के लिए नई ज़मीन ख़रीदी जा सके, डिस्कवर कैम्पिंग की आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया जाए, और पार्कों के मौजूदा बुनियादी ढांचे में सहायता दी जा सके।
- $30 मिलियन, ताकि पूरे बी सी के समुदायों में बी सी के कॉन्फ़ेडरेशन में शामिल होने की 150वीं वर्षगाँठ के मौके पर किये जाने वाले उपक्रमों में सहायता दी जा सके। इन निवेशों से मेल-मिलाप में और ज़्यादा मदद मिलेगी, और उस विभिन्नता को मान्यता मिलेगी जिस का बी सी की जीवंत सामाजिक और आर्थिक संरचना में योगदान है, और इस मील-पत्थर तक पहुँचने को चिन्हित करने के लिए पूरे प्रांत में स्थिति अनुरूप ढल सकने के सामर्थ्य और सेहतयाबी में सहायता मिलेगी।

बजट 2021 में माली योजना के दौरान $11 मिलियन भी शामिल हैं, ताकि ज़मीन-आधारित निर्णय तेज़ी से लेने की गुंजाइश पैदा करने में सहायता मिल सके और यह सुनिश्चित हो सके कि प्रांतीय सरकार को स्थिर आर्थिक विकास को उभारने के लिए बेहतर सामर्थ्य हासिल हो।

प्रांतीय सरकार व्यवसायों, आर्थिक विशेषज्ञों और मूलवासी और समुदायक नेताओं के साथ सहयोग करती रहेगी ताकि बी सी के सभी समुदायों के लिए एक मज़बूत और स्थिर सेहतयाबी सुनिश्चित की जा सके।

**इन बी सी स्ट्रेटजिक इनवेस्टमेंट निधि द्वारा बी सी के भविष्य में निवेश**

बजट 2021 में माली योजना के दौरान इन बी सी स्ट्रेटजिक इनवेस्टमेंट निधि के वित्त-पोषण के लिए $500 मिलियन शामिल हैं। निवेश संबंधित निर्णय सरकार के प्रभाव से मुक्त होंगे, परन्तु सरकार की विशेष आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण संबंधित नीतियों का समर्थन करने की प्रथमता द्वारा निर्देशित किए जाएंगे, जैसे कि एक और अधिक हरित अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाना और मेल-मिलाप को उभारना।

इस निधि के द्वारा निवेश इस वर्ष के पिछले हिस्से में आरंभ हो जाने की आशा की जाती है, और इस से बी सी में उच्च-विकास सामर्थ्य वाले व्यवसायों, प्रतिभा और बढ़िया नौकरियों को आकर्षित करने और स्थिर रखने में सहायता मिलेगी।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710